# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट
## (1.4.2016 to 31.3.2017)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 05.06.2016 | पर्यावरण दिवस कार्यक्रम |
| 2. | 18.07.2016 | निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर |
| 3. | 05.08.2016 | वन महोत्सव कार्यक्रम |
| 4. | 22.08.2016 | तिरंगा यात्रा कार्यक्रम |
| 5. | 18.08.2016 | अन्धता मुक्त निवारण कार्यक्रम |
| 6. | 04.09.2016 से 06.09.2016 | तीन दिवसीय योग कार्यशाला |
| 7. | 10.09.2016 | एक दिवसीय शिविर |
| 8. | 17.09.2016 | माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जन्म दिवस उत्सव कार्यक्रम |
| 9. | 20.09.2016 | डिजिटल इंडिया कार्यशाला |
| 10. | 23.09.2016 | गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर के लिए चयन |
| 11. | 24.09.2016 | स्वच्छता अभियान कार्यक्रम (स्थापना दिवस) |
| 12. | 25.09.2016 | पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर रक्तदान शिविर |
| 13. | 13.10.2016 | साहसिक शिविर में भाग लेने वालों स्वयं सेवकों का सम्मान समारोह |
| 14. | 22.10.2016 | गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर के लिए चयनित स्वयं सेवकों का सम्मान |
| 15. | 13.11.2016 व 14.11.2016 | नांदड़ा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम |
| 16. | 14.11.2016 | बाल दिवस समारोह कार्यक्रम |
| 17. | 27.11.2016 | नांदड़ा कलां गाँव में विशेष शिविर ( 27.11.2016 से 04.12.2016) |
| 18. | 11.12.2016 | श्रमदान शिविर |
| 19. | 13.12.2016 | वित्तीय साक्षरता एवं कैशलेस पर कार्यशाला |
| 20. | 05.01.2017 से 10.01.2017 | शहर में कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु अभियान |
| 21. | 12.01.2017 से 16.01.2017 | युवा महोत्सव में स्वयं सेवकों की भागीदारी |
| 22. | 23.01.2017 से 29.01.2017 | विज्ञान संकाय सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 23. | 04.02.2017 | नेत्रदान के प्रति जागरूकता अभियान |
| 24. | 20.02.2017 | युवा पंजीयन महोत्सव पखवाड़ा |

# पर्यावरण दिवस कार्यक्रम

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना व वनस्पति विभाग की बोटानिकल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक, रोवर क्रू के रोवर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलों के पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाई। वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एस. सुन्दरमूर्ति ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने के लिए अधिक से अधिक पौधें लगाने व पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रो. पवन कसेरा, डॉ. भाना राम गाड़ी, डॉ. संतोष मेहर, विज्ञान संकाय रोवर क्रू के रोवर लीडर डॉ. शंकर लाल नामा, सहायक रोवर लीडर डॉ. रामप्रकाश सारण, बोटानिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राजू राम बाल्यान, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. अलकेश टाक, डॉ. सुमित्रा चौधरी, डॉ. खेता राम, सम्पतराज उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।










जोधपुर Suncity

विश्व पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम हुए


विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस

# निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 18 जुलाई 2016 को विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय के बृहस्पति भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेडीपल्स हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने की। शिविर में कुलपति प्रो. सिंह ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाकर चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श लिया। शिविर में विश्वविद्यालय के सेवानिवृत व कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित लगभग 300 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाकर लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों से **"स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत"** अभियान के लिए जन जागृति लाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने मनुष्य स्वस्थ कैसे रहे विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। मेडीपल्स हॉस्पीटल के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरवेन्द्र सिंह, एंडोक्रिएलॉजिस्ट डॉ. तुहिन दुबे, फिजिशियन डॉ. अभिषेक तातेड़ एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गर्ग ने अपनी सेवाएं दी तथा अनियमित जीवन शैली से बढ़ रहे खतरे एवं उनसे निजात पाने की जानकारी दी। डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. के. आर. गेनवा व डॉ. ओमप्रकाश ने स्वास्थ्य जाँच शिविर की व्यवस्था संभाली व स्वयं सेवकों ने सहयोग प्रदान किया।










**चिकित्सा शिविर में विवि के रिटायर्ड कार्मिकों की जांच**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मेडिपल्स हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय के बृहस्पति भवन में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. आरपी सिंह की उपस्थिति में लगे शिविर में विवि के सेवानिवृत्त व वर्तमान अधिकारी, कर्मचारी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। सुबह 10 से 11 बजे तक शिविर को लेकर पंजीयन किया गया। इस अवसर पर प्रो. जैताराम बिश्नोई ने कहा कि 'मनुष्य स्वस्थ कैसे रहें' विषय पर विचार प्रकट किए। शिविर में डॉ. सुरवेन्द्र सिंह (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. तुहिन दुबे (एंडोक्रिएलॉजिस्ट), डॉ. राहुल गर्ग (हड्डी रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. अभिषेक तातेड़ (आंतरिक रोग विशेषज्ञ) ने विचार प्रकट किए। विशेषज्ञों द्वारा 12 से 2 बजे तक पंजीयन कर विवि के सेवानिवृत्त व वर्तमान कर्मचारियों व अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



CITYZONE

## शिविर में कुलपति ने करवाई स्वास्थ्य जांच

जेएनवीयू व मेडिपल्स हॉस्पिटल की साझेदारी में हुए स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करवाते कुलपति डॉ आरपी सिंह। पत्रिका

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मेडिपल्स हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कुलपति डॉ आरपी सिंह की अध्यक्षता में विवि के केन्द्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन में सोमवार को आयोजित हुआ। इस दौरान कुलपति सिंह ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर चिकित्सा विशेषज्ञ से परामर्श लिया।

इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में कुलपति डॉ सिंह ने एनएसएस के स्वयंसेवकों से स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के लिए जनजागृति लाने का आह्वान किया। साथ ही विवि परिसर में 5 अगस्त को पौधरोपण की घोषणा की। मेडिपल्स हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सरवेंद्र सिंह ने अनियमित जीवन शैली से बढ़ रहे हृदय रोग व उनसे निजात पाने की जानकारी दी। इस कड़ी में डॉ तुहिन दुबे, फिजिशियन डॉ अभिषेक तातेड़ व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल गर्ग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो जैताराम विश्नोई ने बताया कि इसमें करीब 300 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।



## 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' प्रत्येक नागरिक का दायित्व

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मेडिपल्स हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में "निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. आर.पी. सिंह ने कहा कि 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' प्रत्येक नागरिक का दायित्व है एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है कि वह इस दायित्वबोध से जन-जागृति लाए। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में 5 अगस्त को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम की घोषणा भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सिंडिकेट सदस्य प्रो. चैनाराम चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि विश्वविद्यालय इकाई के पूर्व स्वयंसेवकों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर पहचान दिलाई। इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम में मेडिपल्स हास्पिटल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सरवेन्द्र सिंह ने हृदय रोगों से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा अनियमित जीवन शैली को इस रोग का जिम्मेदार बताया। मेडिपल्स के ही डॉ. तुहिन दुबे ने ग्रंथियों के प्रभाव व असंतुलन से जनित बीमारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में मधुमेह के 7 करोड़ रोगी है, इस दृष्टि से चीन के बाद भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। फिजिशियन डॉ. अभिषेक तातेड़ ने वाइरल जनित रोगों के बारे में बताया व बचाव के उपाय भी सुझाए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गर्ग ने जोड़ों के दर्द का कारण बताकर उनके लिए उपाय सुझाए।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि शिविर में लगभग 300 लोगों ने निःशुल्क जांच व परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. के.आर. पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ. ओमप्रकाश राजपुरोहित ने किया।



## हेल्थ चेकअप बैनर का विमोचन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर. मेडिपल्स हॉस्पिटल व जेएनवीयू के संयुक्त तत्वावधान में 18 जुलाई को निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प व स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार होगा। विवि कुलपति डॉ आरपी सिंह, सिंडीकेट सदस्य प्रो. चैनाराम चौधरी, परीक्षा नियंत्रक एवं समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रो. जेताराम विश्नोई, प्रो. ए.पी.एस. भादू आदि ने इसके बैनर का विमोचन किया।

इस शिविर में मेडिपल्स हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सरवेन्द्र सिंह, एन्डोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. तुहिन दूबे, ज्वाइंट रिप्लेमेंट सर्जन डॉ. राहुल गर्ग एवं फिजिशियन डॉ. अभिशेक तातेड़ विवि कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देंगे।

## वन महोत्सव कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 5 अगस्त 2016 को विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय सहित विभिन्न संकायों/विभागों में 3000 पौधें लगाकर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। वन महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम का आगाज केन्द्रीय कार्यालय में कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने पौधा रोपण कर किया। कुलपति ने पर्यावरण को बचाने हेतु सभी को पौधें लगाकर उनके संरक्षण का आह्वान किया।

विज्ञान संकाय में पौधारोपण कार्यक्रम मुख्य वन संरक्षक डी. आर. सहारण के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संभागीय वन अधिकारी हनुमाना राम चौधरी, संकाय अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, गणित एवं सांख्यिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. चेनाराम चौधरी, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो. आर. जे. सेंगवा, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप के. शर्मा, वनस्पति विभागाध्यक्ष प्रो. एस. सुन्दरमूर्ति, कार्यक्रम

अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. के. आर. गेनवा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बी. आर. गाडी, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. शरद बीस्सा सहित सभी शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु वन महोत्सव के तहत् लगे पौधों के संरक्षण करने की शपथ दिलाई।
















पर्यावरण संरक्षण...

## पौधरोपण से किया वन महोत्सव का आगाज

जेएनवीयू में पौधरोपण करते शिक्षक।

प्रबंधन विभाग में पौधरोपण करते संभागीय आयुक्त, कलक्टर व प्रो. भादू।

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हरियाली तीज के अवसर पर वन महोत्सव कार्यक्रम हुआ। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विश्वविद्यालय के सभी परिसरों व संकायों में करीब तीन हजार पौधे लगाए गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का आगाज विवि के केन्द्रीय कार्यालय में कुलपति ने डॉ आरपी सिंह ने पौधरोपण कर किया। कुलपति ने पौधरोपण कर उनके संरक्षण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान संकाय में पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक डीआर सहारण के अलावा डिवीजनल वन अधिकारी हनुमानराम चौधरी, अधिष्ठाता प्रो. पी.के. शर्मा ने अधिष्ठाता कार्यालय व यूसोक के पास पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया।

इसी प्रकार कला, शिक्षा एवं समाज विज्ञान संकाय में भाषा प्रकोष्ठ के मुख्य द्वार के आस-पास संकाय के कार्यकारी अधिष्ठाता प्रो. धर्मचन्द जैन, मैनेजमेंट स्टडीज विभाग में

### जेएनवीयू के विभिन्न संकायों में हुआ पौधरोपण, लगाए तीन हजार पौधे

संभागीय आयुक्त रतन लाहोटी, कलक्टर बिष्णुचरण मल्लिक, डीएफए आईजी रवि गांधी व कुलपति ने पौधरोपण किया। इसी कड़ी में सायंकालीन अध्ययन संस्थान आदि में भी पौधरोपण हुआ। कार्यक्रम के तहत विवि के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपनी टीम के साथ पौधरोपण किया। विवि के प्राणि शास्त्र विभाग में जूलोजिकल सोसायटी का गठन किया गया। इसमें उपाध्यक्ष कपिल पुरोहित व नेहा शर्मा, सचिव कुमकुम भाटी व अशोक कुमार और कोषाध्यक्ष महेश सोलंकी को नियुक्त किया गया। साथ ही परिसर में पौधरोपण कर उनके संरक्षण की शपथ ली। इसी प्रकार ओंकारमल सोमानी वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि राठी ने बताया कि प्राचार्य डॉ अश्विनी शाह के सान्निध्य में पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में एबीवीपी की ओर से केएन कॉलेज परिसर में करीब 21 पौधे लगाए।

# तिरंगा यात्रा कार्यक्रम

विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में **22 अगस्त 2016** को सैकड़ों स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तिरंगा यात्रा को नये परिसर से कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, प्रो. चेनाराम चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. बी. आर. गाडी, डॉ. के. आर. गेनवा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओम प्रकाश विश्नोई, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. शरद बीस्सा, के साथ स्वयं सेवकों ने पैदल मार्च करते हुए भारत माता के जयघोष एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का संदेश देते हुए रैली निकाली। यह रैली नये परिसर से पीली टंकी, भगत की कोठी, भैरूजी चौराहा, एस. पी. एस. स्कूल, जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय होते हुए केन्द्रीय कार्यालय के पास स्थित शहीद स्मारक पहुँची, जहां कुलपति ने अपने सम्बोधन में स्वयं सेवकों को देशभक्ति के जज्बे को संजोकर नव निर्वाण करने को प्रेरित किया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने बड़ा तिरंगा लेकर रैली का नेतृत्व किया।




















याद करो कुर्बानी...

**एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली तिरंगा यात्रा**



**एनएसएस स्वयंसेवकों ने विवि में तिरंगा यात्रा निकाली**

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सैकड़ों स्वयंसेवकों द्वारा सोमवार को नया परिसर से केन्द्रीय कार्यालय के पास स्थित शहीद स्मारक तक तिरंगा यात्रा गाजे-बाजे व भारत माता की जय के नारों के साथ निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने बताया कि देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की कड़ी में कुलपति डॉ.आर.पी. सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। नए परिसर से कुलपति ने हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. पी.के. शर्मा, प्रो. चैनाराम चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष, कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ.के.आर. पटेल, डॉ. बी.आर. गड्डी, डॉ. के.आर. गेवा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. अनुराध चौधरी, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. के.आर. मेघवाल, डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, कर्मचारीगण के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च करते हुए रैली निकाली।

## <u>अन्धता मुक्त निवारण कार्यक्रम</u>

**दिनांक 18 अगस्त 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना, दादोसा परिवार, जोधपुर, सेन्टर फॉर साईट, जोधपुर तथा कुहाड़ ट्रस्ट, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अन्धता मुक्त निवारण कार्यक्रम का आयोजन लहरिया रिसोर्ट, जोधपुर में किया गया। जिसमें लूणी विधानसभा क्षेत्र की सभी 45 ग्राम पंचायतों को अन्धता मुक्त करने का आहवान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधिपति गोपाल कृष्ण व्यास तथा अध्यक्षता माननीय न्यायाधिपति पी. के. लोहरा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माननीय सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह,

माननीय विधायक कैलाश भंसाली एवं पूर्व सिण्डीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी थे। कार्यक्रम में जोधपुर शहर के सभी स्वयं सेवी संस्थाओं के अध्यक्ष, सभी अस्पतालों के सामान्य रोग, अस्थि रोग तथा नेत्र विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। लूणी विधानसभा के सभी 45 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं वार्ड पंचों ने भी भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि इस अवसर पर अन्धता मुक्त निवारण कार्यक्रम का एक झण्डा भी बनाया गया। यह झण्डा सभी ग्राम पंचायतों में एक–एक पंचायत में ले जाकर वहा निःशुल्क आँखों की जाँच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सबसे पहले लूणी विधानसभा क्षेत्र के सरपंच संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश विश्नोई, सरपंच खुड़ाला ने इस झण्डे को लेकर अपने पंचायत में पहला निःशुल्क आँखों की जाँच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन करने का जिम्मा लिया। इसके बाद एक–एक कर सभी पंचायतों में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि इन शिविरों में रोगियों एवं उनके सहयोगियो को निःशुल्क दवाई, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी की गई। शिविरों में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने व्यवस्था हेतु प्रबंध किए। डॉ. प्रवीण गहलोत ने निःशुल्क जाँच करवाने वाले आगुन्तकों का पंजीयन किया।










## तीन दिवसीय योग कार्यशाला

4 सितम्बर से 6 सितम्बर 2016 तक सभी कार्यक्रम अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय योग कार्यशाला का भौतिक विभाग के सभागार में आयोजन किया गया। योग विशेषज्ञ प्रो. विमला शैरान द्वारा योग से स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न योग प्रक्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग सत्र के पश्चात्

प्रत्येक दिन मेडिटेशन करवाया गया। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों को अपनी–अपनी यूनिट के स्वयं सेवकों के लिए योग कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान संकाय के सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने योग के प्रत्येक सत्र में भाग लिया।

## एक दिवसीय शिविर

**10 सितम्बर 2016 के विज्ञान संकाय** की सभी इकाईयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकरी डॉ. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना उद्देश्य एवं गतिविधियों से उपस्थित स्वयं सेवकों को अवगत कराया। स्वयं सेवकों की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत् संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत् संकाय में कंटीली झाड़ियों को हटाने के साथ ही संकाय में सफाई, पेड़.–पौधों की देख–रेख जैसे कार्य किए गए। कार्यक्रम में डॉ. बी. आर. गाडी, डॉ. ओम प्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आर. पी. सारण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।



**एनएसएस शिविर आज**

जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाइयों का संयुक्त एकदिवसीय शिविर शनिवार सुबह 8 बजे से नया परिसर स्थित विज्ञान संकाय में होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने बताया कि इसमें नव स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही स्वयंसेवकों की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और पेड़-पौधों के रखरखाव आदि कार्य किए जाएंगे।



**एनएसएस शिविर में स्टूडेंट्स ने की सफाई**

जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खरताराम पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व गतिविधियों से उपस्थित स्वयंसेवकों को अवगत कराया। डॉ. केआर गेनवा ने बताया कि लगभग 235 नव स्वयंसेवकों ने अपना पंजीयन करवाया। वहीं स्वयंसेवकों की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत् संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत संकाय में कटीली झाड़ियों को हटाने के साथ ही संकाय की सफाई, पेड़-पौधों की देखरेख जैसे कार्य किए गए। कार्यक्रम में डॉ. बीआर गढ़ी, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओम प्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा आदि उपस्थित थे।



**राष्ट्रीय सेवा योजना विज्ञान संकाय शिविर आज**

जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाईयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर विज्ञान संकाय, नया परिसर में 10 सितम्बर को सुबह 8 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.आर. पटेल ने बताया कि इस शिविर में नव स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जाएगा साथ ही स्वयंसेवकों की ओर से राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत् संकाय में उगी झाड़ियों को हटाना, सफ ाई, पेड़-पौधों की देखरेख जैसे कार्य किए जाऐंगे। इस षिविर में कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ के.आर. गेनवा, डॉ. बी.आर. गढ़ी, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओम प्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. शरद बिस्सा एवं स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे।



**साइंस फैकल्टी का एनएसएस शिविर आज**

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाइयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर विज्ञान संकाय, नया परिसर में शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खरताराम पटेल ने बताया कि शिविर सुबह 8 बजे शुरू होगा। शिविर में नए स्वयंसेवकों का पंजीकरण होगा। साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत संकाय में उगी झाड़ियों को हटाना, सफाई, पेड़-पौधों की देखरेख जैसे कार्य किए जाएंगे। इस शिविर में कार्यक्रम डॉ के आर गेनवा, डॉ. बीआर गढ़ी, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आरपी सारण व डॉ. शरद बिस्सा भी मौजूद रहेंगे।

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जन्म दिवस उत्सव कार्यक्रम

17 सितम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को उत्साह के साथ मनाकर विश्वविद्यालय के संकायों में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा कंटीली झाड़ियां काटकर, झाडू लगाकर, प्लास्टिक एवं कचरा बीनकर, संग्रहण कर विश्वविद्यालय के सभी परिसरों को स्वच्छ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक तथा कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विज्ञान संकाय में सभी कार्यक्रम अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षकों, अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, सिन्डीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी एवं अन्य विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर नये परिसर के मुख्य द्वार से अधिष्ठाता कार्यालय तक सफाई कर परिसर को स्वच्छ कर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस उत्साह से मनाया। प्रो. विश्नोई ने सभी सहायक कुलसचिवों, प्रभारी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि कमला नेहरू महाविद्यालय, पुराना परिसर में स्थित वाणिज्य संकाय, कला संकाय, विधि संकाय, सायंकालीन अध्ययन संस्थान में भी सभी अधिष्ठाता, निदेशकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर सफाई कर परिसरों को साफ किया। प्रो. विश्नोई ने नये परिसर में कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को प्रत्येक व्यक्ति माह में एक बार कक्षा–कक्ष, संकाय परिसर, घर, कार्यालय में स्वयं सफाई करवाने की शपथ दिलवाई।




















**विवि में पीएम के जन्मदिन पर संकायों में आज होगी सफाई**

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर को संकाय परिसरों मे सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा संकाय परिसरों में झाड़ू लगाकर, कंटीला झाड़िया काटकर, प्लास्टिक एवं कचरा बीन कर सफाई की जाएगी। परिसरों को स्वच्छ करने का अभियान चलाया जायेगा। प्रो.बिश्नोई ने बताया कि 17 सितम्बर को केन्द्रीय कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, केन्द्रीय कार्यालय मे 12.15 बजे सफाई कर केन्द्रीय कार्यालय को स्वच्छ करने का अभियान चलाया जायेगा।



**कैडेट्स को दिलाई स्वच्छता की शपथ**

जेएनवीयू की एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स को स्वच्छता की शपथ दिलाते प्रो. जैताराम बिश्नोई ।

जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, विश्वविद्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने अपने विश्वविद्यालय परिसरों मे कंटीली झाड़ियां काटकर, झाड़ू लगाकर, प्लास्टिक एवं कचरा की सफाई कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक तथा कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि विवि अलग-अलग कैम्पस कमला नेहरू, न्यू कैम्पस स्थित विज्ञान संकाय, ओल्ड कैम्पस स्थित वाणिज्य संकाय, विधि संकाय, सांयकालीन संस्थान मे सफाई अभियान चलाकर पीएम का जन्मदि[illegible] मनाया। न्यू कैम्पस के मुख्य द्वार प[illegible] स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई। कला संकाय के सहायक कुलसचि[illegible] मनोहर चौहान ने बताया कि कला संकाय, भाषा प्रकोष्ठ में विभिन्न स्था[illegible] पर साफ-सफाई की गई ।

**छात्रों ने किया श्रमदान**



**व्यास विवि के संकायों में चला सफाई अभियान**

जोधपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सादगी के साथ मनाकर व्यास विश्वविद्यालय के संकायों में शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जोधपुर राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी., विश्वविद्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने-अपने विश्वविद्यालय परिसरों मे कंटीली झाड़ियां काटकर, झाड़ू लगाकर, प्लास्टिक एवं कचरा बीन कर, संग्रहण कर सफाई कर परिसरों को स्वच्छ किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक तथा कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि न्यू कैम्पस मे विज्ञान संकाय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षकों, अधिष्ठाता प्रो. पी.के शर्मा, सिंडीकेट सदस्य प्रो. चैनाराम चौधरी एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने न्यू कैम्पस के मुख्य द्वार से अधिष्ठाता कार्यालय तक सफाई कर न्यू कैम्पस को स्वच्छ कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन सादगी से मनाया।

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि कमला नेहरू महाविद्यालय, मे पुराना परिसर मे वाणिज्य संकाय, कला संकाय, विधि संकाय, सांयकालीन संस्थान मे भी सभी अधिष्ठाता, निदेशकों एवं एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सफाई कर परिसरों को साफ कर प्रधानमंत्री का जन्म दिन सादगी से मनाया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि एन.एस.एस. समन्वयक एवं कार्यवाहक कुलसचिव ने नया परिसर में एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को हर व्यक्ति माह मे एक बार स्वयं कक्षा कक्ष, संकाय परिसर, घर, कार्यालय मे स्वयं सफाई करवाने की शपथ दिलवाई।

## डिजिटल इंडिया कार्यशाला

20 सितम्बर 2016 को लाचू मेमोरियल कॉलेज ऑफ साइंस के सभागार में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय डिजिटल इंडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी व विशिष्ट अतिथि लाचू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजीव माथुर थे। मुख्य

अतिथि प्रो. चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना पूरे देश में चेतना जाग्रत करने का पर्याय रही हैं। राष्ट्र के सभी अभियानों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर अपनी अलग पहचान कायम की हैं। वे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से जुड़कर इस अभियान को आमजन तक पहुँचाएंगे। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की भागीदारी ने उन्हें एक मौका दिया है कि वे डिजिटल इंडिया की बात एवं महत्व को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाए। कार्यशाला में लाचू कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजीव माथुर, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एस. पी. भटनागर, एस.एम. टी. जयपुर के शेखर व रमेश चन्द्र देवान्दा ने भी डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी दी। आयोजन सचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि कार्यशाला में विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों व शहर की 20 संस्थाओं से 256 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार की माइंड व आईक्यू से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमताओं का परिचय दिया। स्किट प्रतियोगिता में श्री सुमेर महिला महाविद्यालय प्रथम, पोस्टर प्रतियोगिता में एच.एच. महाराजा हनवन्त सिंह महिला महाविद्यालय प्रथम, क्वीज प्रतियोगिता में ओंकारमल सोमानी महाविद्यालय प्रथम व आईडिया जनरेशन (विचार अभिव्यक्ति) में गोमीदेवी टी.टी. कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ओवरऑल परफॉरमेन्स में विश्वविद्यालय के छात्र भरत कुमार प्रथम, सुखराम द्वितीय व दिव्या गहलोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला के समापन सत्र के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त रतन लाहोटी एवं विशिष्ट अतिथि लाचू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. आर. एल. माथुर थे। अतिथियों ने विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. के. आर. पटेल द्वारा की गई। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

















चेतना जाग्रत करने का पर्याय एनएसएस : प्रो चौधरी

स्टूडेंट्स ने समझा डिजिटल इंडिया का महत्व

जेएनवीयू की ओर से लाचू मेमोरियल एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में मंगलवार को डिजिटल इंडिया पर वर्कशॉप आयोजित की गई। जेएनवीयू कुलपति प्रो. आरपी सिंह और प्रो. चैनाराम चौधरी अतिथि थे। लाचू कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव माथुर ने स्वागत भाषण में बताया कि वर्कशॉप में शहर की 20 संस्थाओं से 200 एनएसएस स्टूडेंट्स ने भाग लेकर डिजिटल इंडिया का महत्व समझा और अब ये इसका जन-जन तक प्रचार करेंगे। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि वर्कशॉप में एनएसएस के स्टूडेंट्स की भागीदारी ने उन्हें एक मौका दिया है कि ये डिजिटल इंडिया की बात व महत्व को प्रत्येक स्टूडेंट्स तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। वर्कशॉप में प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार की माइंड व आई क्यू से संबंधित एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमताओं का परिचय दिया। इस मौके पर जेएनवीयू के



डिजिटल इंडिया यूनिवर्सिटी वर्कशॉप सम्पन्न





Ministry of Electronics and Information Technology
Government of India

Certificate of Participation

Digital India
Power To Empower

**Workshop on Digital India**
Educate | Engage | Empower

*This certifies that*

*Mr./Ms. Dr. PRAVEEN GEHLOT registered with the college/university J.N.V. University, Jodhpur, has actively participated in university workshop on Digital India. This effort goes a long way to create a culture of volunteering amongst all sections of society and enhance access and understanding of online services/initiatives taken under Digital India.*

20.09.2016
Date of Issue

Authorised Signatory

## गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर के लिए चयन


राजपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए विश्वविद्यालय के नये परिसर में **23 सितम्बर 2016** को चयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक श्री एस. पी. भटनागर उपस्थित रहे। शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा परेड की गई, उनका वजन, ऊँचाई आदि जाँच कर गणतंत्र दिवस परेड के लिए सम्भावित स्वयं सेवकों का चयन किया गया। शिविर में डॉ. प्रवीण गहलोत ने स्वयं सेवकों का पंजीयन किया।











## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम

24 सितम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों द्वारा संयुक्त एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दिन राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस को सभी ने मिलकर इसे त्यौहार के रूप में मनाया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस शिविर में महात्मा गाँधी अस्पताल से आए विशेषज्ञों ने स्वयं सेवकों से रक्तदान कर किसी जरूरतमन्द व्यक्ति के जीवन को बचाने के महत्व व उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. के आर. पटेल ने किया व डॉ. प्रवीण गहलोत ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया।














## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर रक्तदान शिविर

25 सितम्बर 2016 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के 83 स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। स्वयं सेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश राजपुरोहित ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह, सिन्डीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप के. शर्मा, वनस्पतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एस. सुन्दरमुर्ति, भूगर्भविज्ञान विभागाध्यक्ष


प्रो. के. एल. श्रीवास्तव एवं सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। रक्तदान शिविर का आयोजन विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर की व्यवस्था कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा की गई।










का संग्रहण किया गया।

**83 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान**

जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 83 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि शिविर में कुलपति प्रो. आरपी सिंह, डॉ. केआर मेघवाल, डॉ. ओमप्रकाश राजपुरोहित, डॉ. के आर पेटल, डॉ. बीआर गडी, डॉ. केआर गेनवा, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. शारदा बिस्सा, डॉ. केआर मेघवाल, डॉ. निधि, डॉ. बीना भाटिया, डॉ. पंकज नामा, डॉ. धनंजया अमरावत, डॉ. अंजू अग्रवाल, डॉ. क्षितिज महर्षि, डॉ. ओमप्रकाश राजपुरोहित ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। उधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 70 युवाओं ने रक्तदान किया।

## साहसिक शिविर में भाग लेने वालों स्वयं सेवकों का सम्मान समारोह

13 अक्टूबर 2016 को विज्ञान संकाय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मनाली से साहसिक शिविर में भाग लेकर लौटी टीम का समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा अभिनन्दन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 20 स्वयं सेवकों, जिसमें 10 छात्र व 10 छात्राओं का दल कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के साथ हिमाचल प्रदेश के मनाली में 01 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक शिविर में भाग लेकर लौटा। शिविर के प्रभारी डॉ. गहलोत ने बताया की अटलबिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण व खेल संस्थान, मनाली द्वारा आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों को साहसिक गतिविधियों द्वारा जीवन में आने वाली कठिनाइयों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में स्वयं सेवकों को पहाड़ों पर चढ़ने–उतरने, नदियां पार करने आदि की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही आपदा राहत कार्य, सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता विकास आदि पर व्याख्यान दिया गया। स्वयं सेवकों ने 85 किमी. पैदल ट्रेकिंग कर समुद्रतल से 12500

फीट ऊँचाई पर स्थित व्यास नदी के उद्गम स्थल–व्यास कुण्ड तक पहुँच कर रिकॉर्ड बनाया। 10 दिवसीय कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक गतिविधियों कर राजस्थानी कला व संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की थी।














Registration No. Nil

GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH

हिमाचल प्रदेश सरकार

ATAL BIHARI VAJPAYEE INSTITUTE OF MOUNTAINEERING AND ALLIED SPORTS MANALI-175131 HP

CERTIFICATE

ADVENTURE CAMP

COURSE NO: 760th

PERIOD: 01.10.2016 to 10.10.2016

NAME: DR. PRAVEEN GEHLOT S/O SH. DHAN SINGH GEHLOT National Service Scheme (NSS)- Govt. Of India

ADDRESS: JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY JODHPUR

He/~~She~~ has successfully completed the Adventure Camp (Skiing) and acquired proficiency in elementary skills of Rock Climbing, Rappelling, River Crossing, Trekking, Camping, Mountain Rescue Methods, Survival, Social Awareness and Leadership.

The Adventure Training was conducted in the wilderness of the Himalayas. The trainee was found physically fit, cooperative, disciplined and well behaved. Trekked ..........85.......... kilometers and attained ..........12,500.......... feet height.

Director,
Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering & Allied Sports, Manali-175131 (HP)



मनाली से साहसिक शिविर में भाग लेकर लौटी जेएनवीयू एनएसएस टीम

**जोधपुर|** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बीस स्टूडेंट्स का दल हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक शिविर में भाग लेकर जोधपुर लौटा। शिविर के एस्कार्ट व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया कि अटलबिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण व खेल संस्थान, मनाली द्वारा आयोजित शिविर में स्टूडेंट्स को साहसिक गतिविधियों द्वारा जीवन में आने वाली कठिनाइयों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में स्टूडेंट्स को पहाड़ों पर चढ़ने-उतरने, नदियां पार करने आदि की ट्रेनिंग दी गई। साथ ही आपदा राहत कार्य, सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता विकास आदि पर व्याख्यान दिया गया। जेएनवीयू के स्वयंसेवकों ने 85 किमी पैदल ट्रेकिंग कर समुद्र तल से 12500 फीट ऊंचाई पर स्थित व्यास नदी के उद्‌गम स्थल व्यास कुंड तक पहुंच कर इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया। दस दिवसीय कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर राजस्थानी कला व संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। शिविर में अनिल सुखराम जाणी, सुभाष, भरत कुमार, बलवीर, लोकेश, दिलखुश, भैराराम, वीरेंद्र, अनिता, सुशीला विश्नोई, मंजू, सुमन चारण, अरुणा, सुमन, किशना, उर्मिला, दिव्या, शिल्पा आदि ने भाग लिया।

## <u>गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर के लिए चयनित स्वयं सेवकों का सम्मान</u>

22 अक्टूबर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा 02 स्वयं सेवकों (सुखराम व राधीका) का गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूर्व शिविर के लिए चयन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह शिविर 26 अक्टूबर से 04 नवम्बर तक चण्डीगढ़ में आयोजित होगा। इस 10 दिवसीय शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आधार पर दिल्ली में होने वाले मुख्य शिविर के लिए चयन होता हैं।



विवि के दो विद्यार्थी गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगे

**नवज्योति/ जोधपुर।**

व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयंसेवकों का दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के प्री केम्प में चयन हुआ है। बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र सुखराम जाणी और एमएएण् पूर्वाद्ध की छात्रा राधिका को इस शिविर के लिए चुना गया है।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.खरताराम पटेल ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह शिविर 26 अक्टूम्बर से 4 नवम्बर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा। इस 10 दिवसीय शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आधार पर दिल्ली में होने वाले मुख्य शिविर के लिए चयन होगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी।



जेएनवीयू के दो विद्यार्थियों का प्री गणतंत्र दिवस परेड में चयन

**जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयंसेवको का दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के प्री केम्प में चयन हुआ है। बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र सुखराम जाणी और एम.ए. पूर्वाद्ध की छात्रा राधिका को इस शिविर के लिए चुना गया है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. खरताराम पटेल ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह शिविर 26 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा। इस 10 दिवसीय शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमो के आधार पर दिल्ली में होने वाले मुख्य शिविर के लिए चयन होगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई चयनित स्वयंसेवको के बधाई दी।

इसी क्रम सुखराम जाणी व राधिका 06 नवम्बर 2016 को 10 दिवसीय गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर में भाग लेकर लौटे। उन्होनें बताया कि यह शिविर चण्डीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। स्वयं सेवकों ने शिविर में परेड व शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया तथा राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न विद्यार्थियों के साथ साझा किया। डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. प्रवीण गहलोत ने दोनों स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**...प्री गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे**




जोधपुर. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित उत्तरी क्षेत्र पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेकर जेएनवीयू और इससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों का दल वापस लौटा। विवि के एनएसएस समन्वयक प्रो जैताराम विश्नोई ने बताया कि यह शिविर चंडीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। इसमें 7 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में जेएनवीयू के स्वयंसेवको ने परेड और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया और राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न राज्यों के साथ साझा किया। परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर इस शिविर में से 40 स्वयंसेवको का राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया जाएगा। दल में जेएनवीयू के सुखराम जाणी, मदन सोलंकी, राधिका वैष्णव, पाली के अजय सिंह, रेखा वैष्णव, निखिल दाधीच और आरती शामिल थे।

**प्री गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे**

नवज्योति/ जोधपुर। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित उतरी क्षेत्र पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेकर जेएनवीयू और इसके संघटक महाविद्यालियों के छात्रों के दल विश्वविद्यालय लौट आया। यह शिविर चंडीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में 26 अक्टूम्बर से 4 नवम्बर तक आयोजित किया गया। इसमें 7 राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मु कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में व्यास विश्वविद्यालय के स्वयंसेवको ने परेड और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया और राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न राज्यो के साथ साझा किया। परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर इस शिविर में से 40 स्वयंसेवको का दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया जायेगा। दिल्ली में मुख्य शिविर 1 जनवरी से 30 जनवरी तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## नांदडा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम

13 व 14 नवम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की इकाईयों द्वारा विश्वविद्यालय के गोद लिए नांदडा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् डॉ. के. आर. पटेल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। गाँव के विद्यालय व अटल सेवा केन्द्र के आस–पास उगी झाड़ियों को साफ किया व तालाब पर जलस्वावलम्बन का कार्य किया। इसके अलावा घर–घर जाकर समस्याओं की जानकारी ली। इसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. शरद बिस्सा आदि ने ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्या को जाना तथा समस्या समाधान हेतु सम्बंधित जिला अधिकारियों को पत्र लिखकर तुरन्त समस्या का समाधान करने हेतु आश्वस्त किया।

**विवि ने गोद लिए नांदडकला गांव में चलाया स्वच्छ भारत अभियान**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय ईकाई के तत्वावधान में सोमवार को विवि के गोद लिए नांदडाकला गांव में स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत डॉ.केआर पटेल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के पहले दिन संकाय के स्वयंसेवकों ने सुबह 9 से 12 बजे तक श्रमदान किया। जिसमें गांव के विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व अटल सेवा केन्द्र के आसपास उगी झाडियों को साफ किया। इसके अलावा घर-घर जाकर सर्वे करके समस्याओं की भी जानकारी ली। इस दौरान डॉ.अनुराग चौधरी, डॉ.शरद बिस्सा, डॉ.बीआर गढ़ी व अन्य मौजूद रहे।

**नांदड़ा कलां में स्वच्छता सप्ताह शुरू**

जयनारायण व्यास विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय के सभी 8 इकाई की ओर से रविवार को विवि द्वारा गोद लिए गए गांव नांदड़ा कलां में स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। विवि कुलपति डॉ. आरपी सिंह के निर्देश पर मनाए जा रहे स्वच्छता सप्ताह का उद्घाटन समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने किया। समारोह की अध्यक्षता सरपंच हनुमानराम डूडी ने की। प्रो. विश्नोई ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत स्वयंसेवक ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. केआर पटेल, डॉ. केआर गेनवास, डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

# बाल दिवस समारोह कार्यक्रम

14 नवम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयं सेवकों ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। बस्ती के बच्चों को मिठाई व खाने–पीने की वस्तुएँ, फल, चॉकलेट आदि वितरित की तथा स्थानीय निवासियों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया। इसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशनाराम गेनवा, डॉ. भानाराम गाडी, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. प्रवीण गहलोत ने भाग लिया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने कच्ची बस्ती के बच्चों के माता पिता से बात कर उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजने की समझाइस की। डॉ. भानाराम गाडी ने बच्चों को स्कूल सामग्री उपलब्ध करवाने व अन्य समस्या का समाधान करने हेतु अपने मोबाइल नम्बर साझा किए।



**कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस**

एबीवीपी की एसएफडी इकाई व एनएसएस कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस।

जोधपुर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एसएफडी इकाई ने एनएसएस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गुरुनानक जयंती और बाल दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्ती के बच्चों को मिठाई और खाने की वस्तुएं भेंट की। एबीवीपी एसएफडी महानगर संयोजक अनिल बिश्नोई जोलियाली ने बताया कि स्वयंसेवक सुखराम जाणी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगत की कोठी स्थित कच्ची बस्तियों में छोटे बच्चों को टॉफियां व बिस्किट वितरित किए। बच्चों के अभिभावकों से उन्हें स्कूल भेजने का आग्रह किया। अवसर पर डॉ किसनाराम गेवा, डॉ भानाराम व डॉ ओम प्रकाश ने सहयोग दिया। ज्योत्सना सिंह शेखावत ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दी।

ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाल रोड स्थित बाल बसेरा अनाथालय में बच्चों के साथ भी बाल दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने बच्चों को फल व चॉकलेट वितरित किए। कॉलेज के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों व बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। अवसर पर बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा।

निक्कमा ग्रुप और नया सवेरा ने लव-कुश नवजीवन और वात्सल्यापुरम के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने डांस का आनंद लिया। इस

# नांदडा कलां गाँव में विशेष शिविर

27 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2016 तक विभिन्न संकायों की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा अलग–अलग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गाँव नांदडा कलां में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत् गाँव में 25 सूत्रीय सर्वे किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नशामुक्ति अभियान, राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम, साक्षरता कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता अभियान, बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं अभियान, कैशलेस पर कार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान आदि की जानकारी देते हुए विभिन्न समाजिक कुरीतियों को जड़मूल से नष्ट करके नव समाज निर्माण का संदेश समाज में प्रसारित किया। इसके तहत् गाँव में रैलियां निकाली गई व घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ गाँव में प्रत्येक दिन स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान एवं जलस्वावलम्बन के लिए तालाब की खुदाई एवं रख–रखाव के कार्य किए गए। इस शिविर के अंतिम दिन 4 दिसम्बर को **महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्री कल्याण सिंह जी** ने गाँव का दौरा किया। माननीय राज्यपाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गाँव में चलाए जा रहे कार्यक्रमों का जायजा लिया तथा स्वयं सेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष प्रकट किया तथा उनके कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा

की। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ती योजनाओं यथा गरीब परिवारों के लिए सिलाई मशीन, विकलांगो के लिए ट्राइसाइकिल वितरण राज्यपाल महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलपति महोदय ने गाँव की सफाई हेतु टैक्सी का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक जोगाराम पटेल, जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, सरपंच हनुमान राम विश्नोई ने भी सम्बोधित किया। इसमें कुलसचिव बी. एस. सांदू, वित्त नियंत्रक गजसिंह कविराज सहित कई गण्यमान्य नागरिक, कार्यक्रम अधिकारी, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्था को संभाला।

## श्रमदान शिविर

11 दिसम्बर 2016 को विज्ञान संकाय की सभी इकाईयों का संयुक्त शिविर हुआ जिसमें स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। संकाय में लगे पेड़–पौधों का रख–रखाव के कार्य किए, कंटीली झाड़ियों को कंटाई एवं साफ–सफाई का अभियान चलाया। श्रमदान शिविर में डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत इत्यादि कार्यक्रम अधिकारियों ने श्रमदान शिविर का नेतृत्व किया।

## वित्तीय साक्षरता एवं कैशलेस पर कार्यशाला

13 दिसम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाईयों द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं कैशलेस पर स्वयं सेवकों को जागरूक करने के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने कहा कि नोटबंदी के बाद कैशलेस वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन अतिआवश्यक हैं। कार्यशाला में स्वयं सेवकों को कैशलेस लेन–देन के बारे में बताया गया और जन–जन तक यह जानकारी पहुंचाने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। शिविर में लगभग 200 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।



**विवि में कैशलेस लेनदेन पर कार्यशाला आयोजित**

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा मंगलवार को वित्तीय साक्षरता अभियान का आगाज किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने कहा कि नोटबन्दी के बाद कैशलेस भारत के सपने को साकार करने में एनएसएस के स्वयंसेवकों की यह अच्छी पहल है। वर्कशॉप में स्वयंसेवकों को कैशलेस लेनदेन के बारे में बताया गया और जन-जन तक यह जानकारी पहुंचाने की शपथ दिलवायी गई। इस दौरान डॉ. केआर मेवा और डॉ. अनुराग चौधरी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस वर्कशॉप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बीआर गइडी, डॉ. ओपी विश्नोई तथा स्वयंसेवक सुखराम जाणी, भरत पटेल, लोकेश बलवीर, मदन आदि मौजूद रहे।

# शहर में कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु अभियान (05.01.2017 से 10.01.2017)

माननीय कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कैशलेस ट्रांजैक्शन अभियान को मूर्तरूप देने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में 05 जनवरी से 10 जनवरी 2017 तक वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया जिसके तहत् सोजती गेट से घंटाघर की तरफ, नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों तथा घंटाघर से कटला बाजार की तरफ सड़क के दोनों ओर की दुकानों के दुकानदारों तथा ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु साक्षरता अभियान कुलसचिव बी. एस. सांदू की उपस्थिति में 05 जनवरी को शुरू हुआ। इस अभियान के संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी देवेन्द्र गहलोत ने दुकानदारों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए जागरूक किया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन के लिए निःशुल्क सेवाएं देने की जानकारी भी दी गई। प्रो. विश्नोई ने बताया कि प्रत्येक दिन डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ज्ञान सिंह, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. एम. एल. वसीटा, प्रो. बीना भाटिया, डॉ. पंकज नामा एवं डॉ. आर. डी. पंकज के निर्देशन में स्वयं सेवकों के साथ चार टीमें बनाई गई। इन टीमों द्वारा प्रत्येक दिन लगभग 200 से अधिक दुकानों के व्यापारियों तथा ग्राहकों को कैशलेस हेतु क्यूआर कोड स्कैनर, इन्सटॉलेशन ऑफ स्विप मशीन, क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड का उपयोग, इंटरनेट बैंकिंग तथा साइबर सिक्योरिटी व मोबाईल बैंकिंग आदि की जानकारी दी गई तथा व्यापारियों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजैक्शन के संबंध में भ्रांतियों को भी दूर किया। प्रो. विश्नोई ने बताया कि सोजती गेट व्यापारी संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी तथा नई सड़क व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन सोनी एवं अन्य कई व्यापरियों के साथ कैशलेस ट्रांजेक्शन करने के विभिन्न मोड तथा बैंक द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन करने हेतु दी जाने वाली पेंपलेट के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। दोनों संघो के अध्यक्षों ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे कैशलेस ट्रांजेक्शन हेतु वित्तीय साक्षरता अभियान में सभी व्यापारियों द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अभियान में जोधपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में घूमकर अलग–अलग टीमों द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन के लिए लगभग 1000 दुकानदारों तथा ग्राहकों को प्रेरित किया गया।



**कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए साक्षरता अभियान आज से**

**जोधपुर.** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना को मूर्त रूप देने के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान गुरुवार से जोधपुर के सोजती गेट बाजार से शुरू होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि इसके तहत विवि और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इसके लिए बनाई गई टीमें सोजती गेट से घंटाघर तक नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के दुकानदारों और ग्राहकों को तथा घंटाघर से कटला बाजार की सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के दुकानदारों और ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन से व्यापार करने एव सामान खरीदने के लिए प्रेरित करेंगी। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्रत्येक टीम में दो-दो प्रोफेसर, एक बैंक का अधिकारी तथा पांच-पांच एनएसएस तथा एनसीसी के कैडेट होंगे, जो दुकानदारों व ग्राहकों को क्यूआर कोड स्कैनर, इन्सटॉलेशन ऑफ स्वैप मशीन, इन्टरनेट बैंकिंग तथा साइबर सीक्यूरिटी व मोबाइल बैंकिंग आदि की जानकारी देंगे।



**कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान पूर्ण**

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय में कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना को मूर्त रूप देने के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान (विशाका) 5 जनवरी से जोधपुर के सोजती गेट बाजार से शुरू होकर 10 जनवरी को पूर्ण हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि यह अभियान विश्वविद्यालय एवं बैंक ऑफबड़ौदा से संयुक्त तत्वावधान में चलाया गया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन के हेतु चार टीम बनाई गयी थी। के शलेस ट्रांजेक्शन के लिए लगभग 1000 दुकानदारों तथा ग्राहकों को प्रेरित किया गया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्रत्येक टीम में दो-दो प्रोफेसर, एक बैंक ऑफ बडौदा का अधिकारी तथा पांच-पांच एन.एस.एस तथा एन.सी.सी के कैडेट थे। दुकानदारों एवं ग्राहकों को क्यू.आर. कोड स्कैनर, इन्सटोलेशन आफ स्वेप मशीन, इन्टरनेट बैंकिग तथा साइबर सीक्यूरीटी, मोबाइल बैंकिग आदि की जानकारी दी गयी।

गुलाब जामुन
जनता



## कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए लोगों को जागरूक करेंगे जेएनवीयू के प्रोफेसर

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निर्देश पर कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए गुरूवार से सोजतीगेट बाजार से वित्तीय साक्षरता अभियान शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि जेएनवीयू व बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 10 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा, अभियान दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलाया जाएगा। । अभियान के संचालन के लिए चार टीम बनाई गई है, जो सोजती गेट से घंटाघर तक नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के व्यापारियों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन से व्यापार करने का तरीका सिखाएगी। इसी तरह घंटाघर से कटला बाजार की सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के व्यापारियों व ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन से व्यापार करने एवं सामान खरीदने के टिप्स देगी। प्रत्येक टीम में दो-दो प्रोफेसर, एक बैंक का अधिकारी तथा पांच-पांच एनएसएस व एनसीसी के कैडेट होंगे। जो दुकानदारों एवं ग्राहकों को क्यूआर कोड स्केनर, इंस्टालेशन ऑफ स्वैप मशीन, इंटरनेट बैंकिंग तथा साइबर सिक्यूरिटी के साथ मोबाइल बैंकिंग की जानकारी देंगे।

**दोपहर बारह बजे से चार बजे तक चलेगा अभियान, चार टीम में दो प्रोफेसर व बैंक अधिकारी रहेंगे साथ**



## एनएसएस वालिंटियर्स ने कैश के बिना भुगतान के तरीके बताए

जोधपुर | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निर्देश पर केंद्र सरकार की कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना के तहत वित्तीय साक्षरता अभियान संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि यह अभियान जेएनवीयू एवं बैंक ऑफ बड़ौदा से संयुक्त तत्वावधान में 5 जनवरी को शुरू हुआ था। इसी तरह एनएलयू की विधि सहायता एवं जागरूकता समिति द्वारा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को डिजिटल लेन-देन के तरीके से अवगत कराया गया। रजिस्ट्रार सोहनलाल शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा कर्मचारियों को विवि की एसबीआई शाखा ले जाकर उन्हें डिजिटल लेन-देन के बारे में बताया। शाखा प्रबंधक आरएस शेखावत तथा बैंक कर्मचारियों ने सहयोग किया।

श्री सोहनलाल मनिहार बालिका सी.सै.स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छठे दिन कैशलेस अर्थव्यवस्था के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राजस्थान अरबन बैंक फेडरेशन के चेयरमैन हरिगोपाल राठी थे तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अशोक विश्नोई, कैलाश मोदी, रश्मि काबरा, एनके माहेश्वरी विशिष्ट अतिथि थे। कल्ला ने इसकी महत्ता बताई। विषय विशेषज्ञ के रूप में एचडीएफसी बैंक अधिकारी प्रभातसिंह व अनिल व्यास, यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक पीसी बसेरा व नागरिक सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक एमसी घोगा गांग थे।



## विद्यार्थियों ने किया कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए प्रेरित



जेएनवीयू की ओर से शुरू किए गए कैशलेस ट्रांजेक्शन अभियान के दौरान व्यापारियों को जागरूक करते कुलसचिव सांधु व अन्य।

**जोधपुर** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री मोदी के कैशलेस ट्रांजेक्शन अभियान को मूर्त रूप देने के लिए जागरूकता अभियान गुरुवार से शुरू किया। विवि व बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में सोजती गेट से घंटाघर और घंटाघर से कटला बाजार तक दुकानदारों व ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेकशन के लिए साक्षरता अभियान कुलसचिव बीएस सांधु की उपस्थिति में शुरू हुआ। विवि के कुलपति डॉ. आरपी सिंह के निर्देशानुसार शुरू किए गए इस अभियान में संयोजक प्रो. जैताराम विश्नोई और बैंक के देवेंद्र गहलोत के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए निशुल्क सेवाएं देने की जानकारी दी। प्रो. विश्नोई ने बताया कि डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ज्ञानसिंह, डॉ.ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. एमएल वसीटा, प्रो. बीना भाटिया, डॉ. पंकज नामा और डॉ.आरडी पंकज के निर्देशन में चार टीमें बनाई गई। इन टीमों ने करीब 200 से अधिक दुकानों के व्यापारियों तथा ग्राहकों को कैशलेस के लिए नेट बैंकिग, मोबाइल बैंकिंग में क्रेडिट और डेबिट कार्ड का उपयोग क्यूआर कोर्ड स्कैनर, इन्सटॉलेशन ऑफ स्वीप मशीन तथा साइबर सिक्यूरिटी के सम्बन्ध में जानकारी दी। सोजती गेट व्यापारी संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी तथा नई सड़क व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन सोनी सहित कई व्यापारियों के साथ कैशलेस ट्रांजेक्शन करने के विभिन्न मोड तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से कैशलेस ट्रांजेक्शन करने पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में चर्चा की।



## कैशलेस भुगतान पर कार्यशाला आयोजित

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा विशेष शिविर चलाया जा रहा है।

एनएसएस के समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई बताया कि शिविर में कैशलेस भुगतान पर कार्यशाला आयोजित की गई। विश्नोई ने कहा कि आने वाले समय में पूरा जेएनवीयू कैशलेश होगा। इसके लिए विवि के प्रत्येक विभाग में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सहयोग से पीओएस मशीने लगाई जाएगी। कार्यशाला में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की टीम ने छात्रों को बिना नकदी लेन देन के तरीके बताए। इस दौरान सायबर सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई।

स्वयंसेवक सुखराम जाणी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग परिवर्तन का युग है। हमे मोदीजी के डिजिटल भारत के सपने को साकार करना है। इससे पहले प्रो. के आर पटेल ने मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया। पटेल ने 18 वर्ष से अधिक आयु वाले छात्रों से अपने वोटर आईडी कार्ड बनवाने का आह्वान किया।

शिविर में स्वयंसेवको के द्वारा न्यू कैम्पस के यूजी और पीजी होस्टलों के आसपास कंटीली झाड़ियां को साफ करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बलवीर चौधरी, निर्मल, हरीश चौधरी, सेठाराम, रामेश्वर, विष्णु गौड़, गोरधनराम, विकास, रामनिवास, अशोक, रवि आदि ने सहयोग किया।



## विवि में वित्तीय साक्षरता अभियान का आगाज

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय में कैशलेस ट्रांजेक्शन अभियान को मूर्तरूप देने के लिए बैंक ऑफ बडौदा के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार से वित्तीय साक्षरता अभियान का आगाज किया गया। जिसमें सोजती गेट से घन्टाघर की तरफ नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों तथा घन्टाघर से कटला बाजार की तरफ सड़क के दोनो ओर की दुकानों के दुकारदारों तथा ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन हेतु साक्षरता अभियान चलाया गया। अभियान के संयोजक प्रो. जेताराम विश्नोई तथा बैंक ऑफ बडौदा के देवेन्द्र गेहलोत ने दुकानदारों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए जागरूक किया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए निःशुल्क सेवाएं देने की जानकारी भी दी गयी। प्रो. विश्नोई ने बताया कि डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ज्ञानसिंह, डॉ.ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ.एम.एल.वसीटा, प्रो.बीना भाटिया, डॉ. पंकज नामा एवं डॉ.आर.डी.पंकज के निर्देशन में चार टीमें बनायी गयी थी। इन टीमों द्वारा लगभग व्यापारियों तथा ग्राहकों को कैशलेस हेतु नेट बैंकिग, मोबाईल बैंकिंग में क्रेडिड एवं डेबिड कार्ड का उपयोग क्यू. आर.कॉर्ड स्कैनर, इन्स्टोलेशन ऑफ स्वीप मशीन तथा साइबर सीक्यूरिटी के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करवायी गई।

## युवा महोत्सव में स्वयं सेवकों की भागीदारी

दिनांक 12 जनवरी से 16 जनवरी 2017 को केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव हरियाणा के रोहतक में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा

योजना का चार सदस्यीय दल ने युवा महोत्वस में भाग लिया। एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री विडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस समारोह में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक जुलूस में भाग लिया। युवा महोत्सव की थीम **यूथ फॉर डिजिटल इंडिया** थी। इस अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवा कृति प्रदर्शनी, फ्रूड फेस्टिवल, एडवेंचर इवेंट्स, डिफेंस व युवा आर्टिस्ट कैंप आदि का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ।



राष्ट्रीय युवा महोत्सव में एनएसएस दल भाग लेगा

जोधपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 से 16 जनवरी तक हरियाणा के रोहतक में आयोजित होगा। जिसमें व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का चार सदस्यीय दल महोत्सव में भाग लेगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन करेंगे। गृह मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री विजय गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा के खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनिल विज बतौर विशेष अतिथि होंगे। विवि के टीम लीडर सुखराम जाणी, दिलीप सियाग, सुमन, अनु कुमारी शामिल होंगे।





युवा महोत्सव में धाक जमाने एनएसएस ने कसी कमर

जोधपुर केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव गुरुवार से 16 जनवरी तक हरियाणा के रोहतक में होगी। जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना का चार सदस्यीय दल इसमें भाग लेगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो जेताराम विश्नोई ने बताया कि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह में सभी राज्यों के प्रतिभागी और केन्द्र शासित प्रदेश के दल सांस्कृतिक जुलूस में शिरकत करेंगे। युवा महोत्सव की थीम यूथ फॉर डिजिटल इंडिया रहेगी। इस अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवा कृति प्रदर्शनी, फूड फेस्टिवल, एडवेंचर इवेंट्स, डिफेंस व युवा आर्टिस्ट कैंप आदि आयोजन होंगे।

**विज्ञान संकाय–सात दिवसीय विशेष शिविर**

**(23.01.2017–29.01.2017)**

**(प्रथम दिवस)**

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर रक्तदान

## (23.01.2017)

**23 जनवरी 2017** से विज्ञान संकाय की सभी 08 इकाईयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। विशेष शिविर के प्रथम दिवस नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संकाय के स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लेते हुए रसायन शास्त्र विभाग के सेमीनार हॉल में 62 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान 11 छात्राओं ने भी रक्तदान करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसी कड़ी में वनस्पति शास्त्र विभाग में स्वयं सेवकों ने बोटेनिकल सोसायटी के साथ मिलकर नेताजी के जीवन से संबंधी सेमीनार का आयोजन किया।

स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन करने कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डी. सी. जैन, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. भण्डारी व सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया की रक्तदान से पहले स्वयं सेवकों ने रक्तदान जागरूकता रैली निकाल कर रक्तदान के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. के. आर. पटेल ने किया।

## जेएनवीयू का सात दिवसीय एनएसएस शिविर 23 से

जोधपुर | जेएनवीयू के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 23 जनवरी सोमवार से शुरू होगा। विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खरताराम पटेल तथा प्रो. केआर गेंवा ने बताया कि इस सत्र के लिए विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के शिविर 29 जनवरी तक चलेंगे। डा. पटेल ने बताया कि इन सात दिनों के दौरान कैशलेस ट्रांजेक्शन की जानकारी, रक्तदान के लिए प्रोत्साहन सत्र एवं रक्तदान,यातायात नियमों की जानकारी, स्वच्छता अभियान, व्यक्तित्व विकास से संबंधित जानकारी के साथ ही एड्स जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा रोजाना 2 घंटे तक श्रमदान कर संकाय परिसर से झाड़ियां हटा सफाई की जाएगी। विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न कॉलोनियों में साफ सफाई की जाएगी। प्रो. केआर गेंवा ने बताया कि 23 जनवरी को कुलपति प्रो आरपी सिंह की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई की उपस्थिति में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन होगा। रोजाना दो सत्र आयोजित होंगे, पहला श्रमदान तथा दूसरा सत्र बोद्धिक सत्र होगा।













## युवाओं ने रक्तदान कर नेताजी को किया सलाम



ओल्ड कैम्पस : विधि संकाय



जीत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्याल की राष्ट्रीय सेवा योजना के 62 स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती मनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि इस अवसर पर विवि के पुराना परिसर स्थित विधि संकाय में 21 तथा न्यू कैम्पस स्थित रसायनशास्त्र विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में 41 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर गेंवा व डॉ. निधि ने भी विचार व्यक्त किए।

इसी कड़ी में वनस्पति शास्त्र विभाग में बोटेनिकल सोसायटी की ओर से नेताजी के जीवन संबंधी सेमिनार हुआ। मुख्य अतिथि संकाय अधिष्ठाता प्रो पीके शर्मा थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो सुंदरामूर्ति ने की।

जीत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को समूह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समूह के रजिस्ट्रार डॉ. राकेश कोठारी ने बताया कि जीत समूह की तीनों इकाइयों में हुए रक्तदान शिविर का उद्घाटन चेयरमैन डॉ. एसएल अग्रवाल व महानिदेशक नवनीत अग्रवाल ने किया। शिविर के संयोजक प्रो. मनीश बाफना व प्रो. हरीश खत्री ने बताया कि शिविर का आयोजन राज्य रक्तदान परिषद के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया।

नेताजी की जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के कर्मचारी और विद्यार्थियों ने मिलकर कुल 19 [illegible] रक्तदान किया।

## जेएनवीयू में सुभाष जयंती पर रक्तदान कल

जेएनवीयू में सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को स्टूडेंट्स रक्तदान करेंगे। परीक्षा नियंत्रक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि विवि के सभी छात्र संगठन एनएसएस तथा एनसीसी के विद्यार्थी 23 जनवरी को रक्तदान करेंगे। ओल्ड कैंपस में विधि संकाय के सेमिनार हॉल में तथा न्यू कैंपस में रसायन शास्त्र विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर शुरू होगा।



# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान, निकाली जागरूकता रैली

जोधपुर। जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए 41 यूनिट रक्तदान किया इस दौरान 11 छात्राओं ने भी रक्तदान करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान बीएससी अंतिम वर्ष के सुखराम जाणी ने आठवीं बार रक्तदान किया। इससे पहले स्वयंसेवकों ने नया परिसर के सभी विभागों में रक्तदान जागरूकता रैली निकालकर अन्य छात्रों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विज्ञान संकाय अधिष्ठाता प्रो पी. के. शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो के आर गैंवा, प्रो के आर पटेल, डॉ प्रवीण गहलोत, डॉ शरद थिम्मा, डॉ आर पी सहरण, डॉ ओपी बिश्नोई और स्वयंसेवक अनिल, सुखराम जाणी, नेपाराम, बलवीर चौधरी, भरत, मदन, लोकेश, दिलीप, सुनील, मंजू, अवेला, प्रियंका, रिंकू, मयंक आदि ने सहयोग किया। एनएसएस के समन्वयक प्रो जेताराम बिश्नोई ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर 295 युवाओं ने किया रक्तदान

## नेताजी को याद किया



# एनएसएस की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया

■ नेताजी सुभाष बोस को पुष्पांजलि अर्पित की

नवज्योति/जोधपुर।

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के नया परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पीजी एसोसिएशन ने सहयोग किया।

एबीवीपी महानगर संयोजक अनिल जोलियाली ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर रखा। जिसमें अधिकारी के रूप में प्रो किसनाराम गैंवा उपस्थित रहे। जहां कार्यकर्ताओं और पीजी एसोसिएशन की छात्रोंओ ने बढ़चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में सबसे ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया तथा महिला शक्ति को आगे आने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त दिया गया। जिसमें छात्रों और छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रियंका पिया एवं वर्षा रानी सीमा रतन सुखराम जाणी प्रकाश देवासी मदन बलवीर चौधरी चंद्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर महानगर के विवि के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर रातानाडा स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। एबीवीपी महानगर संयोजक अनिल बिश्नोई जोलियाली ने बताया कि विवि इकाई के छात्रों और कार्यकर्ताओं ने बोस की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए तथा उनके बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली। जोलियाली ने छात्रों को बोस के जीवन परिचय से अवगत कराया। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ता व छात्रनेता चंद्र प्रकाश जाट नरेश माली अरविन्द सहदेव डोगीवाल सुरेंद्र बड़ियासर लिखमाराम पोटलिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**(द्वितीय दिवस)**

**<u>बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं</u>**

**(24.01.2017)**

**24 जनवरी 2017** को बालिका दिवस के अवसर पर नया परिसर और भगत की कोठी क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। **बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं** के संदेश के साथ रैली को समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के. आर. गेनवा ने स्वयं सेवकों को बालिकाओं की समाज में महत्ता को बताया। व्यक्तित्व विकास पर प्रो. हेमन्त शर्मा का व्याख्यान का आयोजन भी हुआ।



# एनएसएस स्वयं सेवको ने रैली निकाली

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा बालिका दिवस के अवसर पर नया परिसर और भगत कोठी क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ रैली को एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने रवाना किया। पो.के आर गेंवा और सुखराम जाणी ने स्वयंसेवकों को बालिकाओं की समाज में महत्ता को बताया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के आर पटेल ने बताया कि विज्ञान संकाय की एनएसएस इकाई का विशेष शिविर 23 जनवरी से 29 जनवरी तक चलेगा। जिसमें प्रत्येक दिन केम्पस में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।



बालिका दिवस

# रैली निकाल दिया बेटी बचाने का संदेश

## (तृतीय दिवस)
## कैशलेस ट्रांजैक्शन

**25 जनवरी 2017** को विज्ञान संकाय के सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने बैंक ऑफ बड़ोदा के अधिकारियों के साथ नांदडा कलां गाँव में कैशलेस ट्रांजैक्शन पर अभियान चलाया तथा स्वच्छता के प्रति गाँव वालों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। कैशलेस ट्राजैक्शन अभियान का नेतृत्व डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## (चतुर्थ दिवस)
## गणतंत्र दिवस समारोह

**26 जनवरी 2017** को नांदडा कलां गाँव में सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले सैनिकों एवं देश के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले शहीदों को याद किया गया।

## (पंचम दिवस)
## नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम

**27 जनवरी 2017** को नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मथुरादास माथुर अस्पताल के नेत्रदान प्रभारी डॉ. नरपत चौधरी ने स्वयं सेवकों को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी और नेत्रदान करने के दौरान होने वाली प्रक्रिया को बताया। इस दौरान समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो नेत्रहीनों को रौशनी प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम में 35 स्वयं सेवकों द्वारा नेत्रदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। संकल्प पत्र भरवाने का कार्य डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा किया गया।











**नेत्रदान के लिए किया जागरूक**

जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय-की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर चलाया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। मथुरादास माथुर अस्पताल के नेत्रदान प्रभारी डॉ. नरपत चौधरी ने स्वयंसेवको को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी और नेत्रदान करने के दौरान होने वाली सरल प्रक्रिया को बताया। इस दौरान प्रो. के आर गेंवा ने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो नेत्रहीनों को रोशनी प्राप्त होती है। सुखराम जाणी ने बताया कि इस दौरान 35 स्वयंसेवको द्वारा नेत्रदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। कार्यक्रम के अंत में प्रो. शरद विस्सा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि इससे पूर्व स्वयंसेवको ने हमेशा की भांति स्वच्छता अभियान के तहत रसायन विज्ञान विभाग के आसपास साफ सफाई की। जिसमे विकास मेहरिया, विष्णु गौड़, रामेश्वर, चेतनराम, रामनिवास, सेठाराम, रवि रॉयल, सुनील सियाग आदि ने सहयोग किया।

## (षष्ठ दिवस)
## <u>ट्रैफिक जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा</u>

**28 जनवरी 2017** को ट्रैफिक जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर जिला परिवहन अधिकारी श्री अर्जुन सिंह राठौड़ द्वारा व्याख्यान दिया गया। जिसमें यातायात नियमों, ड्राईविंग लाइसेन्स एवं हेलमेट की अनिवार्यता आदि पर जानकारी दी गई। इसके पश्चात् सड़क सुरक्षा पर वाद–विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रो. आर. एस. सिंदल ने निर्णायक की भूमिका अदा की।








## (सप्तम दिवस)
## <u>योग एवं मेडिटेशन</u>

**29 जनवरी 2017** को स्वयं सेवकों के मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग विशेषज्ञ प्रो. विमला शैरान द्वारा योग एवं मेंडिटेशन करवाकर, योग की विभिन्न मुद्राओं व उनके करने से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया गया।



# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह
# (29-1-2017)

राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय का सम्मान समारोह का आयोजन कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अहम् योगदान हैं। पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी, समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर. जे. सेंगवा ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। डॉ. पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान वर्षभर आयोजित राष्ट्रीय शिविरों, रक्तदान शिविरों और डिजिटल इंडिया में भाग लेने वाले 160 स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।















## राष्ट्रीय सेवा योजना का सम्मान समारोह आयोजित

**जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन हुआ। माननीय कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है।

प्रो. चैनाराम चौधरी, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.जे. सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की।। कुलपति आरपी सिंह ने बेस्ट वॉलंटियर सुखराम जाणी का माला पहनाकर कर अभिनंदन किया।



## सुखराम जाणी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार

### विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सम्मान समारोह

**जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन रविवार को हुआ। कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है।

प्रो. चैनाराम चौधरी, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.जे. सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान वर्षभर आयोजित राष्ट्रीय शिविरों, रक्तदान शिविरों और डिजिटल इंडिया में भाग लेने वाले 160 स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा सुखराम जाणी को इस वर्ष का बेस्ट वॉलंटियर चुना गया। कुलपति आरपी सिंह ने सुखराम का माला पहनाकर कर अभिनंदन किया। प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र सुखराम जाणी ने इस वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चंडीगढ़, राष्ट्रीय युवा महोत्सव हरियाणा और राष्ट्रीय साहसिक शिविर मनाली में भाग लिया।



## विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सम्मान समारोह

जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन रविवार को हुआ। कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है। प्रो. चैनाराम चौधरी, प्रो. जेताराम विश्नोई, प्रो. आरजे सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

## नेत्रदान के प्रति जागरूकता अभियान

(4 फरवरी 2017)

4 फरवरी 2017 से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने **अभिनव पहल** की शुरूआत की। स्वयं सेवकों ने कैम्पस में विद्यार्थियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया। नेत्रदान के विषय में जानकारी के पेंपलेट और पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा विद्यार्थियों से नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि नेत्रदान एक ऐसा दान है जो मरणोपरान्त ही संभव हैं। नेत्रदान का संकल्प पत्र जीवन काल में भरा जाता है व मृत्यु पश्चात् नेत्रदान करके दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र ज्योति दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि नेत्रदान महादान है क्योंकि नेत्रदान करने से हमारी आँखे किसी दृष्टिहीन के काम आ सकती है तथा वह फिर से दुनिया देख सकता हैं। हमारे जाने के बाद भी हमारी आँखे किसी को नई रौशनी दे देती हैं। इस अभियान में सैकड़ों स्वयं सेवकों ने डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में नेत्रदान के संकल्प पत्र भरें।



## एनएसएस के स्वयंसेवक चला रहे नेत्रदान जागरूकता अभियान

### इच्छुक विद्यार्थी भर रहे है संकल्प पत्र

जोधपुर। मृत्यु के बाद भी हमारी आंखें किसी की जिंदगी को रोशन कर सकें, इस भावना को लेकर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक अभिनव पहल की शुरूआत की है।

स्वयंसेवक कैम्पस में विद्यार्थियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नेत्रदान के विषय में जानकारी के लिए पेम्पलेट और पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे हैं तथा मरणोपरांत नेत्रदान के इच्छुक विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भी भरवा रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले एनएसएस के शिविर में डॉ. नरपत चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया था। अब इन स्वयंसेवकों ने इस अभियान को मुहूर्त रूप देने का बीड़ा उठाया है।

एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों में भी नेत्रदान के लिए प्रेरित व संकल्प पत्र भरवाने की बात कही। विश्नोई ने बताया कि नेत्रदान एक ऐसा दान है जो मरणोपरांत ही संभव है। नेत्रदान जीवन काल में भरा जाता है और मृत्यु पश्चात नेत्रदान करके दो नेत्रहीन व्यक्तियों के नेत्र ज्योति दी जाती है। स्वयंसेवक सुखराम जाणी का मानना है कि नेत्रदान महादान है, क्योंकि नेत्रदान करने से हमारी आँखे किसी दृष्टिहीन के काम आ सकती है तथा वह फिर से दुनिया को देख सकता है। हमारे जाने के बाद भी हमारी आँखे किसी को नई जिंदगी दे सकती है।

इस अभियान में सुखराम जाणी, बलवीर चौधरी, भरत पटेल, मदन सोलंकी, लोकेश सारण, अनीता, सुमन चारण, मंजू, शिल्पा, दिव्या, किशना, सुमन मुंडेल, उर्मिला आदि स्वयंसेवक शामिल है।

## युवा पंजीकरण महोत्सव पखवाड़ा

20 फरवरी 2017 को युवा पंजीकरण महोत्सव पखवाड़े की शुरूआत हुई। जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय के यूसिक सभागार में किया गया। जिला कलेक्टर विष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि 01 जनवरी 2017 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम् योगदान होता हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण के लिए प्रेरित करने को लेकर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को 80 फॉर्म वितरित किए। युवा पंजीकरण महोत्सव कार्यक्रम को जिला कलेक्टर के अलावा विश्वविद्यालय के कुलसचिव बी. एस. सांदू, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के आर. पटेल सहित जिला निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।












# जेएनवीयू में युवा पंजीकरण महोत्सव की शुरूआत

जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में 'युवा पंजीकरण महोत्सव' की शुरुआत हुई। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर विष्णुचरण मलिक, जेएनवीयू के रजिस्ट्रार आर एस सिंधु, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के.आर. पटेल सहित जिला निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

जिला कलेक्टर विष्णु मलिक ने कहा कि ... की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदान सूची में जुड़वाना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण हेतु प्रेरित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वयं का पंजीकरण करवाते हुए अधिकाधिक युवाओं को नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। एनएसएस के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सुखराम जाणी ने बताया कि शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को 80 फार्म वितरित किए गए। युवा पंजीकरण महोत्सव 28 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष पूर्ण कर चुके समस्त मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवाना है।

**कॅरियर हेल्प डेस्क**



# जेएनवीयू में युवा पंजीकरण महोत्सव शुरू

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए स्टूडेंट्स को 80 फॉर्म वितरित

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में 'युवा पंजीकरण महोत्सव' शुरू हुआ। जिला प्रशासन व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बिष्णुचरण मल्लिक, जेएनवीयू रजिस्ट्रार बीएस सांदू, एनएसएस समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खरताराम पटेल सहित जिला निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

कलेक्टर मल्लिक ने कहा कि गत 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदान सूची में जुड़वाना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण के लिए प्रेरित करने को लेकर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। एनएसएस स्वयंसेवक सुखराम जाणी ने बताया कि शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को 80 फॉर्म वितरित किए गए। युवा पंजीकरण महोत्सव 28 फरवरी तक चलेगा।

जेएनवीयू में आयोजित शिविर में युवा पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई।



# युवा पंजीकरण महोत्सव में जुड़वाएं अपना नाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में 'युवा पंजीकरण महोत्सव' की शुरुआत हुई। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर विष्णुचरण मल्लिक, जेएनवीयू के कुलसचिव बीएस सांदू, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर पटेल सहित जिला निवार्चन आयोग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

जिला कलक्टर विष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि 1 जनवरी, 2017 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदान सूची में जुड़वाना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। एनएसएस के स्वयंसेवक सुखराम जाणी ने बताया कि युवा पंजीकरण महोत्सव 28 फरवरी तक चलेगा।



समारोह को संबोधित करते जिला कलेक्टर। जलतेदीप

# लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का अहम योगदान

जोधपुर, 20 फरवरी (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में 'युवा पंजीकरण महोत्सव' की शुरूआत हुई। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विष्णुचरण मलिक ने कहा कि 1 जनवरी 2017 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदान सूची में जुड़वाना चाहिए। यह लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण हेतु प्रेरित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वयं का पंजीकरण करवाते हुए अधिकाधिक युवाओं को नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर जेएनवीयू के रजिस्ट्रार बीएस सिंधु, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई व कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर. पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सुखराम जाणी ने बताया कि शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को 80 फार्म वितरित किए गए। युवा पंजीकरण महोत्सव 28 फरवरी तक चलेगा।

**युवाओं ने दिखाया उत्साह-** निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित युवा पंजीकरण महोत्सव के तहत सोमवार को जिले के भीकमकोर, पड़ी, निम्बों का तालाब, मतोड़ा, पड़ासला, जाखण तथा रायमलवाड़ा में युवाओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भारी उत्साह दिखाया। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी लोहावट एवं तहसीलदार ओसियां गजेन्द्रसिंह गोयल ने बताया कि युवाओं को जागरूक करने के लिए पर्यवेक्षक दल के नैनाराम चौधरी, देवाराम, दीपक सांखला ने शिविर में जाकर संवाद एवं प्रश्नोतरी के माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित किया जिससे फलस्वरूप 250 आवेदन तो हाथों हाथ प्राप्त हुए तथा युवाओं ने 28 फरवरी तक समस्त योग्य मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भीकमकोर प्रधानाचार्य नराराम रावल, मतोड़ा प्रधानाचार्य विजेन्द्रसिंह मान, पड़ासला कार्यवाहक प्रधानाचार्य कोजाराम भाकर, जबरचन्द तथा पड़ी व निम्बों का तालाब के शिक्षकों व बूथ लेवल अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने योगदान दिया।